ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

बुलेटिन संख्या–82
दिनांकः मंगलवार, 27 अक्टूबर, 2026

विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन केअनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.5 एवं 16.8 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 89 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 54 प्रतिशत, हवा की औसत गति 5.4 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 3.0 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 9.4 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5से0मी0 गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 24.1 एवं दोपहर में 32.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।इस अवधि मौसम शुष्क रहा है।

मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
(28 अक्टूबर–01 नवम्बर, 2026)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 28 अक्टूबर से 01 नवम्बर, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमान अवधि में साइक्लोन अर्नब के सक्रिय प्रभाव से 29 से 31 अक्टूबर के दौरान सेउत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर मेघगर्जन, बिजली चमकने एवं तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान आसमान में मध्यम से घने बादल छाए रह सकते हैं। 30–31 अक्टूबर के दौरान समस्तीपुर, सिवान, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी, वैशाली, गोपालगंज तथा पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों के कई स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है।
- अधिकतम तापमान 29–35°C तथा न्यूनतम तापमान 16–22°C रहने की संभावना है।
- इस दौरान सुबह की सापेक्ष आर्द्रता 75–85% और दोपहर में 50–65% रह सकती है।
- पूर्वानुमान अवधि के दौरान हवा दिशा शुरुआत में दक्षिण–पूर्वी और बाद में दक्षिण–पश्चिमी दिशा से 15–25 किमी प्रतिघंटा की गति से चलने की संभावना है।

समसामयिक सुझाव

- बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण प्रतिकूल मौसम की संभावना को देखते हुए किसानों को सलाह दी जाती है कि कटे हुए धान एवं खरीफ मक्का को सूखे और सुरक्षित स्थान पर रखें। खुले में रखी उपज को तिरपाल से ढकें तथा भंडारण से पहले अनाज को अच्छी तरह सुखा लें, ताकि नमी से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। मौसम प्रतिकूल रहने पर बुआई, छिड़काव एवं अन्य कृषि कार्य स्थगित रखें।
- धानः प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए धान की कटाई स्थगित रखें एवं जल निकास की उचित व्यवस्था करें।
- अन्य फसलेंः खरीफ मक्का की कटाई करने के तुरंत बाद उसे खेत से हटाकर सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर रखें। रबी मक्का, सरसों एवं आलू जैसी फसलों की बुआई फिलहाल स्थगित रखें।

आज का अधिकतम तापमानः 33.0 डिग्री सेल्सियस, जो सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक	आज का न्यूनतम तापमानः 16.2 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस कम

(डॉ0 ए. सत्तार)
वरीय वैज्ञानिक सह नोडल पदाधिकारी